**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–08.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटों के चुनाव परिणाम आने लगे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने 11 सीटें जीत ली है और 37 सीटों पर उसके उम्मीदवार आगे चल रहे हैं। आम आदमी पार्टी को 10 सीटें मिली है और 12 सीटों पर उसके उम्मीदवार बढ़त बनाए हुए हैं। चुनाव में तीसरी दावेदार कांग्रेस पार्टी को कोई सफलता नहीं मिल पाई है।

*****************

इधर दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी की जीत बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता, खासकर पूर्वांचल के लोग, पूरी तरह से मोदी सरकार के साथ हैं।

*****************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विद्यार्थियों से 10 फरवरी को प्रसारित होने वाले परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से जुड़ने की अपील की है। उन्होंने अपने एक वीडियो संदेश में कहा है कि यह अब सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय शिक्षा का अभियान बन चुका है।

*****************

केन्द्र सरकार ने सफाई कर्मचारियों के राष्ट्रीय आयोग का कार्यकाल 31 मार्च 2028 तक तीन वर्ष के लिए बढ़ाने को स्वीकृति दे दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इससे सफाई कर्मचारियों का सामाजिक और आर्थिक उत्थान होगा।

*****************

पलामू जिला प्रशासन ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा कराये गये सर्वे का अंतिम प्रारूप का प्रकाशन का करा दिया है।

*****************

रांची के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। मेला की थीम कृषि उत्पादकता, सुरक्षित खाद्य और पर्यावरण संरक्षण है। 10 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में किसानों के उत्थान के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कल महिला किसानों के लिए गोष्ठी रखी गयी है।

*****************

रांची के मोराबादी मैदान में 16वां इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर आज से शुरु होगा। राज्य के उद्योग और श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव शाम चार बजे इसका उदघाटन करेंगे। मेले में 8 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें देश के 15 राज्यों के स्टॉल भी लगायें जायेंगे।

*****************

सरायकेला–खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र में अपराधी उत्तम दास पर एक बार फिर जानलेवा हमला हुआ। अपराधियों ने सतबहनी–सापड़ा मार्ग स्थित ढाबे के पास उस पर तीन गोलियां चलाईं, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में टाटा मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस इसे आपसी रंजिश का मामला मानकर जांच में जुट गई है।

*****************

बोकारो के चास–तालगड़िया मुख्य मार्ग पर एक वाहन और लोड ट्रेलर की आमने–सामने टक्कर में वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया और मृतक के परिजनों ने 25 लाख मुआवजा व नियोजन की मांग की। डुमरी विधायक जयराम महतो ने प्रबंधन से सड़क हादसों को रोकने और परिजनों को मुआवजा देने की अपील की।

********